संख्या- 103 /2025 / 709 /चार-2025-1750658

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 20 मार्च, 2025

विषय:- काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ, हर घर तिरंगा एवं विभाजन विभीषिका के अवसर पर कराये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं उनकी व्यवस्थाओं पर हुए व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या- 5449/सं0नि0-15(32)/2024-25 दिनांक 19 फरवरी, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ, हर घर तिरंगा एवं विभाजन विभीषिका के अवसर पर कराये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं उनकी व्यवस्थाओं पर निम्नानुसार हुए व्यय की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में अनुरोध किया गया है:-

क्र0	कलाकार/ फर्म का नाम	विधा/ कार्य	कार्यक्रम स्थल व दिनांक	बिल संख्या/ दिनांक	धनराशि
1	श्री प्रेम कान्त तिवारी, लखनऊ	उद्घोषक	14.08.2024 विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस लोकभवन	01.01.2025	20,000.00
2	सुश्री श्वेता तिवारी, लखनऊ	उद्घोषक	15.08.2024 काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह शहीद स्मारक काकोरी	-	5,000.00
3	मेसर्स इनसाइट इवेन्ट एण्ड कम्यूनिकेशन	हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अवसर पर राजभवन, लखनऊ में सेल्फी प्वाइंट, स्टैण्डी, हस्ताक्षर कैनवास फ्रेम आदि लगाया गया	15.08.2024 राजभवन, उ0प्र0	IEC/24-25/ 26/ 16.08.2024	1,33,458.00
	योग (रूपये एक लाख अट्ठावन हजार चार सौ अट्ठावन मात्र)				1,58,458.00

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ, हर घर तिरंगा एवं विभाजन विभीषिका के अवसर पर कराये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं उनकी व्यवस्थाओं पर हुए व्यय रू0 1,58,458.00 (रू0 रूपये एक लाख अट्ठावन हजार चार सौ अट्ठावन मात्र) की कार्योत्तर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए धनराशि अवमुक्त करने की स्वीकृति निम्नांकित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(3) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।

(4) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(5) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

(6) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(7) संबंधित संस्था/ कलाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बिल बाउचर के परीक्षणोपरान्त स्वीकृत धनराशि का समयान्तर्गत भुगतान कराने की कार्यवाही संस्कृति निदेशालय द्वारा कराते हुए यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा।

(8) उक्त धनराशि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के निवर्तन पर है, अतः बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(9) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3. इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान सं0-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-13-आजादी का अमृत काल महोत्सव-42-अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनाँक- 04-मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

संख्या - 103 /2025 / 709(1) /चार-2025-1750658 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
4- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ वित्त (व्यय नियंत्रण)अनुभाग-7, उ0प्र0 शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।